

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

## बिहार लोक भवन, पटना–800022

*संख्या–107/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया

**पटना 15 दिसम्बर, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटेल चौक (चितकोहरा रेलवे पुल के उत्तरी गोलम्बर), पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी की गई।

..........................................